# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 26.11.2025

## प्रकाशनार्थ

एन.सी.सी सप्ताह समारोह के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का हुआ सफल आयोजन

**दिनांक 26.11.2025 गोरखपुर। 44वीं यूपी बटालियन एन.सी.सी गोरखपुर एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला चिकित्सालय गोरखपुर रक्त संग्रह केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गोरखपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया।**

**शिविर के संयोजक डॉ. सुभाष चन्द्र, सी.टी.ओ, एन.सी.सी, दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर ने बताया कि** शिविर में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, कबूतरी देवी महाविद्यालय से एन.सी.सी के कुल 33 वॉलिंटियर एन.सी.सी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले सभी कैडेट्स का मेडिकल चेकअप करने के बाद रक्तदान हेतु योग्य पाए गए 26 कैडेट्स ने अपना स्वैच्छिक रक्तदान किया।

रक्तदान का प्रारंभ महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के गणित अध्यापक श्री सत्येंद्र तिवारी ने विद्यालय के एक विद्यार्थी के साथ रक्तदान कार्यक्रम का प्रारंभ किया, तत्पश्चात एन.सी.सी कैडेटों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। रक्तदान के दौरान 44 वीं यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए जूस और फल वितरित किया।

कार्यक्रम के दौरान 44वीं बटालियन के सूबेदार मेजर एम.अब्राहम, हवलदार विकास बाबू थापा, कमलदोज लिम्बू, कैप्टन दीपक शाही, लेफ्टिनेंट वंदिता त्रिपाठी, थर्ड अफसर भारत सिंह के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला चिकित्सालय के डॉ जेपी सिंह, डॉ. अविरल श्रीवास्तव, श्रीमती गीता यादव, श्री दिलीप उपाध्याय, श्री राजेश कुमार यादव आदि ने शिविर संचालन में अपना भरपूर सहयोग किया। रक्तदान शिविर के सकुशल सम्पन्नता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान कार्यक्रम के आयोजन के दौरान महाविद्यालय के सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क